हिंदी दैनिक

न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 198 देहरादून, मंगलवार, 30 जनवरी, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



अयोध्या के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन को सीएम धामी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना 3

# हमारा सम्पूर्ण जीवन एक परीक्षा है : सीएम धामी





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 30 जनवरी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम से 'परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में देश के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने जी.जी.आई.सी कौलागढ़ में विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 'परीक्षा पर चर्चा 2024' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिखित पुस्तक ' एग्जाम वॉरियर्स' भी प्रदान की।

परीक्षा पे चर्चा के दौरान उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जनपद की कक्षा 07 की छात्रा स्नेहा त्यागी ने प्रधानमंत्री से पूछा कि हम आपकी तरह सकारात्मक कैसे हो सकते हैं? प्रधानमंत्री ने स्नेहा की जिज्ञासा का समाधान करते हुए कहा कि उनकी प्रकृति है कि वे हर चुनौती को चुनौती देते हैं। उसके कारण उन्हें नया सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि उनके भीतर आत्मविश्वास है कि देश के 140 करोड़ देशवासी उनके साथ हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान तैयारी में जुटे विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री का प्रेरणादायी, सारगर्भित और व्यावहारिकता से परिपूर्ण उद्बोधन सुनने का अवसर मिला । उन्होंने कहा कि हमारा सम्पूर्ण जीवन एक परीक्षा है और इस परीक्षा में हार और जीत उतनी महत्वपूर्ण नहीं है, जितना कि हमारी सकारात्मक सोच, क्योंकि एक सकारात्मक सोच वाला व्यक्ति जीवन की किसी भी परीक्षा में असफल नहीं हो सकता। मन की बात हो या परीक्षा पे चर्चा इन दोनों कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री ने लोगों को प्रेरित करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा से पूर्व बच्चों को जिस प्रकार उनके माता-पिता और परिजनों द्वारा मानसिक रूप से मजबूत



बनाने का प्रयास किया जाता है, उसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से देश के विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का वैश्विक स्तर पर मान, सम्मान और स्वाभिमान बढ़ा है। उन्होंने परीक्षा में भाग ले रहे छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से अपील की परीक्षा के समय बच्चों पर अनावश्क दबाव न डालें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से कहा कि अपने जीवन में कार्य करने के लिए जो भी क्षेत्र चुनें, उसमें लीडर की भूमिका में कार्य करें। जीवन में जो भी लक्ष्य निर्धारित करना है, उसको प्राप्त करने के लिए पूरी तन्मयता से जुट जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी बच्चे की प्रतिभा का आंकलन किसी भी एक परीक्षा में सफल या असफल होने पर नहीं किया जा सकता, क्योंकि प्रतिभा तथा बौद्धिक क्षमता किसी भी परीक्षा से ऊपर है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि महान लोगों की जीवनी जरूर पढ़ें। इससे जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलती है। समाज में बड़े कार्य करने वाले अधिकांश लोग सामान्य परिस्थितियों से आगे बढ़े हैं। जब मेहनत के साथ सकारात्मक सोच का मिश्रण हो जाता है तो व्यक्ति को सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक सविता कपूर, उत्तराखण्ड राज्य सलाहकार श्रम संविदा बोर्ड के अध्यक्ष कैलाश पंत, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं राज्य के विभिन्न स्कूलों से छात्र-छात्राएं, अभिभावक और शिक्षकगण जुड़े थे।

## उत्तराखंड : इन जिलों में बारिश-बर्फबारी का अनुमान, अगले तीन दिन खराब रहेगा मौसम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 30 जनवरी : सर्दी के सितम से अभी राहत नहीं मिलेगी। ताजा पश्चिमी विक्षोभ उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्रों में दस्तक दे सकता है। जिससे वर्षा-बर्फबारी के आसार बन रहे हैं। अगले तीन दिनों में चोटियों पर हिमपात और निचले इलाकों में वर्षा के आसार हैं। उधर, देहरादून समेत ज्यादातर क्षेत्रों में आंशिक बादल छाये रहने से पारे में गिरावट आई है, ठिठुरन बढ़ गई है। ज्यादातर इलाकों में अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस की कमी आई है।

दो दिन उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में वर्षा और जोरदार हिमपात हो सकता है। कहीं-कहीं आकाशीय बिजली चमकने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश के साथ बर्फबारी हो सकती है। हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में हल्का कोहरा छाया रहेगा। देहरादून में भी दिनभर बादल मंडराते रहे, सर्द हवाएं चलने से लोग परेशान रहे। दून में अधिकतम



तापमान 18.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से तीन से चार डिग्री सेल्सियस कम है। मैदानी इलाकों में भी कोहरे से राहत नहीं मिल रही। बीते दिन हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिलों में कोहरे के साथ शीतलहर का प्रकोप रह सकता है। वाहन चालकों को सावधान रहने की सलाह दी गई है।

## देहरादून : रफ्तार का कहर, गहरी खाई में गिरी कार चालक की मौत



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 30 जनवरी : उत्तराखंड में खराब मौसम के बीच सफर जोखिम भरा बना हुआ है। जगह-जगह सड़क हादसे हो रहे हैं। ताजा मामला विकासनगर का है। जहां कार हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। राजस्व पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी है। हादसा बीती रात हुआ।

देर रात विकासनगर-कालसी सहिया मोटर मार्ग पर एक कार जड़वाला छानी के पास गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने शव को रेस्क्यू कर खाई से बाहर निकाला। मृतक व्यक्ति की पहचान प्रकाश जोशी निवासी ग्राम डूमेट, थाना विकास नगर के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार कार सवार बीती देर रात चंदऊ गांव से अपने घर डुमेट, विकासनगर लौट रहा था, तभी अचानक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। कालसी थाना क्षेत्र के सहिया चौकी इंचार्ज नीरज कठैत ने बताया कि घटना का क्षेत्र राजस्व पुलिस के अंतर्गत होने के चलते शव राजस्व पुलिस के हवाले किया गया है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। मामले की जांच जारी है।

# देहरादून : इंटरनेट से मिली गलत जानकारी ने युवक को बना दिया हत्यारा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 30 जनवरी : इंटरनेट आज हर किसी की जरूरत बन गया है, लेकिन यहां पर मिल रहा अधकचरा ज्ञान लोगों को किस कदर तबाही की राह पर ले जा रहा है, ये हम सब देख रहे हैं। देहरादून में इंटरनेट पर मिली गलत जानकारी ने एमएससी पास लड़के को हत्यारा बना दिया।

अधूरा ज्ञान लेकर गलतफहमी पाले युवक ने अपनी मां को ही मौत के घाट उतार दिया। बाद में खुद को बचाने के लिए वह मां की हत्या को आत्महत्या बताने की कोशिश करने लगा, लेकिन उसका झूठ ज्यादा देर टिक नहीं पाया। दरअसल आरोपी अल्सर से बीमार था। जिसके बारे में उसने इंटरनेट पर देखा था कि यह बीमारी धीमे जहर से होती है।

यही शक उसने मां पर किया और रात में बहस करने लगा। इसी बहस के बीच आरोपी बेटे ने मां का गला दबा दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मरने वाली महिला का नाम चंद्रा देवी था। 52 साल की चंद्रा देवी अपने पति व छोटे बेटे अजय सिंह बिष्ट के साथ रहती थीं। पति सेना से रिटायर होने के बाद आईएमए में तैनात हैं, जबकि बड़ा बेटा सेना में है। बीते दिन पति माधो सिंह ड्यूटी पर चले गए थे। तड़के अजय ने बड़े भाई को फोन कर कहा कि मां ने खुदकुशी कर ली है। पिता को भी यही कहानी सुनाई। पिता माधो सिंह जब घर लौटे तो देखा कि चंद्रा देवी बिस्तर पर लेटी हुई थीं। पास में अजय खड़ा हुआ था। अजय से पूछा तो वह इधर उधर की बातें करने लगा।



इस पर माधो सिंह बिना देर किए प्रेमनगर थाने पहुंच गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सख्ती से पूछताछ की तो अजय ने हैरान करने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि उसे अल्सरेटिव कोलाइटिस नाम की बीमारी है। उसने कुछ दिन पहले इंटरनेट पर पढ़ा था कि यह बीमारी धीमे जहर का सेवन करने से भी होती है। ऐसे में उसने सोचा कि खाना तो वह मां के हाथ का बना खाता है। लिहाजा उसने मां पर जहर देने का शक किया। बीती रात इसी को लेकर उसकी मां संग बहस हो गई थी, जिस पर वह अपना आपा खो बैठा और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। अजय ने एमएससी तक पढ़ाई की है, वह बैंकिंग परीक्षा की तैयारी कर रहा था। फिलहाल आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है।

# सुबह सुबह उठने से होते है गजब के फायदे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 30 जनवरी : सुबह जल्दी उठना मनुष्य को स्वस्थ, धनी और बुद्धिमान बनाता है। स्वस्थ रहने के लिए सुबह जल्दी उठने की आदत डालें। यह दिमाग, शरीर और आत्मा को तरोताजा करने के साथ इम्यून सिस्टम को भी मजबूत करता है। सूर्योदय से पहले उठने से शरीर और दिमाग फ्रेश रहता है और कब्ज व अपच की समस्या भी नहीं होती।

सुबह जल्दी उठने से शरीर और मन दोनों ही स्वस्थ रहते हैं

सुबह जल्दी उठने से और भी अनेक फायदे हैं या फिर यह कहे कि अनगिनत फायदे हैं। सुबह उठने से हमारा शरीर स्वस्थ और फिट रहता है। सूरज निकलने से पहले उठना बॉडी, माइंड और स्पिरिट के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इस वक्त उठने से माइंड और बॉडी में ब्लड सर्कुलेशन पॉजिटिव रहता है। जबकि सूरज निकलने के बाद उठना नेगेटिव ब्लड सर्कुलेशन का कारण बनता है। सूर्योदय से पहले उठने से शरीर और दिमाग फ्रेश रहता है और कब्ज व अपच की समस्या भी नहीं होती। फिर पूरा दिन आपका मूड फ्रेश रहता है। इससे आपकी पावर व कैपेसिटी बढ़ती है, याददाश्त तेज होती है और नजर भी कमजोर नहीं होती। अगर आप जल्दी उठेंगे तो सोएंगे भी जल्दी ही, जो सेहत के लिए और बेहतर है।




सुबह जल्दी उठने के फायदे अन्य फ़ायदे

मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करता है दुनिया भर में किए गए शोध बताते हैं कि सुबह जल्दी जागना और रात को जल्दी सो जाना हमारे शरीर को पर्याप्त आराम दिलाने में मदद करता है। पर्याप्त नींद कम शारीरिक और मानसिक तनाव के लिए सीधे आनुपातिक है, अगर पर्याप्त नींद मिलती है तो हमारा शरीर खुद को फिर से जीवित करता है।

आउटपुट बेहतर होगा

सुबह जल्दी उठने से शरीर का आलस खत्म होगा। आप काम जल्दी निपटा के ऑफिस पर जल्दी फोकस करेंगे। ऐसे में आपका आउटपुट अच्छा होगा। खुद के लिए वक्त यूं तो सुबह जल्दी उठने के हजारों फायदे हैं, उनमें से एक फायदा है अपने लिए समय निकाल पाना। जब आप सुबह जल्दी उठते हैं तब आपके पास दिनचर्या शुरू होने से पहले कुछ घंटे होते हैं। इन घंटों को आप खुद को दे सकते हैं।

रात में अच्छी नींद आती है

सुबह जल्दी उठने से आपको रात में अच्छी नींद आती है। इससे आप पर्याप्त नींद लेते हैं। पूरी नींद लेने से मोटापा समेत अन्य बीमारियां नहीं होती है। अच्छी नींद लेने से आपकी त्वचा प्राकृतिक रूप से ग्लो करता है। डाइट हेल्दी रहेगी जल्दी उठेंगे तो दिन में क्या खाना है, इसका प्लान बना सकेंगे। साथ ही ब्रेकफास्ट करने का समय भी होगा। वैसे भी नाश्ते से जो एनर्जी मिलती है, दिन भर की एक्टिविटीज इसी पर निर्भर रहती हैं।

# बच्चों को शांत करने के लिए मोबाइल थमाना नुकसानदेह : रिसर्च

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 30 जनवरी : कई बार बच्चे रोते हैं तो पैरेंट्स उन्हें मोबाइल या टैबलेट देकर शांत करा देते हैं। इससे बच्चे उस वक्त तो शांत हो जाते हैं, लेकिन भविष्य में इसके गंभीर परिणाम सामने आते हैं। दरअसल, 9 साल की उम्र पूरी होने के बाद इस तरह के बच्चे जब दूसरे बच्चों के संपर्क बनाते हैं, तो डिवाइस की लत के चलते उन्हें घुलने-मिलने में दिक्कत होती है।

उनकी एकाग्रता घटती है और कार्य करने की क्षमता प्रभावित होती है। स्क्रीन का बच्चों पर असर जानने के लिए हाल ही में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी सेंटर ऑफ डेवलपिंग चाइल्ड में हुए एक शोध हुआ। इसमें सामने आया कि 9 साल की उम्र तक ज्यादा समय मोबाइल या टैबलेट के साथ बिताने वाले बच्चों की एकेडमिक परफॉर्मेंस घटती है। मानसिक स्वास्थ्य भी बिगड़ता है।

शोध में बताया गया कि ऐसे बच्चों को बचपन में मोबाइल थमाना उनसे बचपन छीनने जैसा होता है। इससे ज्यादा उन्हें बड़ों से बातचीत करने देना ज्यादा जरूरी है। इसके अलावा उन्हें सोशल एक्टिविटी या शारीरिक गतिविधियां कराने की भी जरूरत है, ताकि शारीरिक और मानसिक विकास हो सके।



ऐसे बच्चे भावनात्मक रूप से काफी कमजोर होते हैं। इसका असर लड़कों में ज्यादा होता है। एक अन्य शोध के अनुसार स्क्रीन टाइम बढ़ने से बच्चों में चिड़चिड़ापन बढ़ जाता है और वे कई बार चुनौतीपूर्ण माहौल में आक्रामक व्यवहार करने लगते हैं। इससे बच्चों की फिजिकल एक्टिविटी तो कम होती ही है।

# दुनिया की सबसे पुरानी झील, एक ही रात में 1 KM पीछे चला जाता है पानी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 30 जनवरी : लेक जॉर्ज दुनिया की सबसे पुरानी झीलों में से एक है. यह झील ऑस्ट्रेलिया में कैनबरा से लगभग 40 किलोमीटर नॉर्थ-ईस्ट में फेडरल हाईवे के ठीक बगल में एक बड़ी झील है, लेकिन हो सकता है कि आप इसे हमेशा न देख पाएं. ऐसी कहानियां हैं कि झील का पानी एक ही रात में किनारे से एक किलोमीटर तक पीछे चला जाता है और फिर रहस्यमयी ढंग से 'गायब' हो जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, लेक जॉर्ज झील में कब आता है और कब चला जाता है, पता ही नहीं चलता है. जब झील पूरी तरह भर जाती है तो 155 वर्ग किलोमीटर में फैल जाती है और इसका पूर्वी छोर फेडरल हाईवे के किनारे से टकराता है, लेकिन इस हद तक सूख जाती है कि इसका नामो निशान मिट जाता है. इसकी सूखी जमीन का इस्तेमाल जानवर चरने के लिए करते हैं।

लेक जॉर्ज दुनिया की सबसे पुरानी झीलों में से एक है, माना जाता है कि इसका निर्माण दस लाख साल से भी पहले हुआ था. इस झील का पानी समुद्र के समान खारा होता है.



1800 के दशक की शुरुआत में, झील काफी बड़ी थी, लेकिन 1840 के दशक तक यह इतनी सूखी थी कि कोई भी इसके बीच से गाड़ी चला कर पार कर सकता था। लेक जॉर्ज के पानी का सूख जाना और फिर आ जाना लंबे समय तक एक रहस्य था. कुछ लोगों का मानना था कि झील को पानी एक सीक्रेट अंडरग्राउंड झरने से मिलता है, लेकिन पैट्रिक डी डेकर बताते हैं, 'अगर अधिक वर्षा होती है, तो झील भर जाती है.' इस झील के रहस्यमयी ढंग से भरने और सूखने की घटनाओं ने ऑस्ट्रेलियाई लोगों की पीढ़ियों को चकित कर दिया है।

# अयोध्या के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन को सीएम धामी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## ट्रेन के संचालन से हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून सहित गढ़वाल व कुमाऊं क्षेत्र के रामभक्तों को सहूलियत होगी





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 30 जनवरी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार रेलवे स्टेशन से अयोध्या जाने वाली आस्था स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन से 1504 श्रद्धालु प्रथम रवानगी में अयोध्या पहुँचेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हरिद्वार से अयोध्या के मध्य आस्था स्पेशल ट्रेन के संचालन की शुभकामनाएं देते हुए ट्रेन के संचालन पर प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ट्रेन के संचालन से हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून सहित गढ़वाल व कुमाउं क्षेत्र के रामभक्तों को सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के लिए हम सभी ने कितना संघर्ष किया, अब हमें उस संघर्ष का प्रतिफल प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व वाली सरकार में मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर के लिए चलाए गए आंदोलन में अर्पण भी था, तर्पण भी था, संघर्ष भी था, संकल्प भी था। उन्होंने कहा कि जिनके त्याग, बलिदान और संघर्ष से वर्षों पुराना ये स्वप्न साकार हुआ, जिनकी तपस्या राममंदिर में नींव की भांति जुड़ी हुई है, मैं उन सभी लोगों को नमन करता हूं, उनका वंदन करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत ने भगवान भास्कर के सानिध्य में सरयू के किनारे एक स्वर्णिम अध्याय रचा है। अब सदियों का इंतजार समाप्त हो गया है और हर कोई अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन करने को लालायित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मैं स्टेशन में प्रवेश कर रहा था तो राम भक्तों के चेहरों पर जो भाव देख रहा था, उन्हें शब्दों में बयां करना संभव नहीं है। सभी रामभक्त वर्षों पुराने स्वप्न को सच होते देखने के लिए अयोध्या जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीराम का मंदिर हमारी संस्कृति का आधुनिक प्रतीक बनेगा, हमारी शाश्वत आस्था का प्रतीक बनेगा, हमारी राष्ट्रीय भावना का प्रतीक बनेगा और ये मंदिर करोड़ों-करोड़ लोगों की सामूहिक संकल्प शक्ति का भी प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर आने वाली पीढ़ियों को आस्था, श्रद्धा, और संकल्प की प्रेरणा देता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम उत्तराखंड को भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने विकल्प रहित संकल्प के मंत्र को लेकर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं और इस लक्ष्य में हमें आप सभी का सहयोग व समर्थन चाहिए।



इस अवसर पर महानिर्वाणी के सचिव रविन्द्र पुरी, महामंडलेश्वर रूपेन्द्र प्रकाश, पदम जी, पूर्व कैबिनेट मंत्री व नगर विधायक मदन कौशिक, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, जिला महामंत्री विकास तिवारी, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल, एडीएम( प्रशासन ) पी०एल० शाह, डीआरएम राजकुमार, एसडीएम अजय वीर सिंह, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, एसपी रेलवे सरिता डोबाल, नितिन गौतम, उज्ज्वल पण्डित, जगदीश लाल पाहवा सहित सम्बन्धित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# देहरादून-पिथौरागढ़ के बीच शुरू होगी 18 सीटर विमान सेवा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 30 जनवरी : दून से पिथौरागढ़ के बीच फ्लाई बिग की ओर से 18 सीटर विमान सेवा शुरू की जाएगी। इससे ये दोनों शहर एक बार फिर हवाई सेवा से जुड़ जाएंगे। घंटों का सफर मिनटों में तय हो सकेगा। उड़ान को नियमित शुरू करने से पूर्व डीजीसीए की टीम की ओर से अच्छी तरह से फ्लाइट को टेस्ट किया जा रहा है। ताकि हवाई यात्रियों की सुरक्षा को और अधिक पुख्ता किया जा सके। इसके लिए बीते रविवार को भी दून-पिथौरागढ़ के बीच फ्लाइट का ट्रायल हुआ था।

एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस फ्लाइट का शुभारंभ कर सकते हैं। वहीं, फ्लाइट में बैठकर सीएम द्वारा दून-पिथौरागढ़ के बीच उड़ान भरने की भी संभावनाएं जताई जा रही हैं। जल्द ही इस फ्लाइट के शुरू होने की उम्मीद है। देहरादून-पिथौरागढ़ के बीच फ्लाइट को शुरू करने के लिए 30 जून से फ्लाई बिग कंपनी का 18 सीटर विमान एयरपोर्ट पहुंचा था।



अभी तक डीजीसीए की मंजूरी नहीं मिलने से फ्लाइट को शुरू नहीं किया जा सका है। पिथौरागढ़ के लोग हवाई सेवा के शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। उम्मीद है ये इंतजार जल्द ही खत्म होगा। यहां फिर से फ्लाइट को शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। जिससे गढ़वाल और कुमाऊं के बीच कनेक्टिविटी बेहतर बनेगी। दोनों शहर एक बार फिर हवाई सेवा से जुड़ जाएंगे। घंटों का सफर मिनटों में तय हो सकेगा।

# विद्यार्थियों ने सुना पीएम मोदी की परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम

अल्मोड़ा। राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज हवालबाग में विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन व विद्यार्थियों से चर्चा परिचर्चा को ध्यान से सुना व देखा। इस अवसर पर बोलते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ कपिल नयाल ने प्रधानमंत्री द्वारा बताई गई बातों को विद्यार्थियों के लिए परीक्षा हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की तुलना न कर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हेतु प्रोत्साहित करने की बात कही। इस अवसर पर पीटीए अध्यक्ष गंगा मेहरा, टी डी भट्ट, डॉ प्रदीप सलाल, डॉ निर्मल कुमार पंत, धन सिंह धौनी, प्रमोद कुमार पांडे, कमलेश जोशी, भगवत सिंह बगडवाल, नवीन वर्मा, सुनीता बोरा, भावना वर्मा, सुमन पाठक, हिमांती टम्टा, योगिता तिवारी, मोनिका जोशी, कविता जोशी, विक्रम सहित अभिभावक उपस्थित थे।

# सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारण करना अत्यंत आवश्यक है: डॉ दीपा जलाल

अल्मोड़ा। अपने जीवन में लक्ष्य का निर्धारण करना विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि लक्ष्य निर्धारण करने से विद्यार्थी सफलता की राह पर चल पड़ता है। यह बात डायट अल्मोड़ा की प्रवक्ता डॉ दीपा जलाल ने जीआईसी नाई के सांस्कृतिक सभागार में आयोजित कैरियर एवं गाइडेंस कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता कही। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश सिंह रावत व डॉ दीपा जलाल ने देवी सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में डॉ दीपा जलाल ने छात्र-छात्राओं को कैरियर का चुनाव करने व बोर्ड परीक्षा में अंक प्राप्त करने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य का निर्धारण कर प्रत्येक विद्यार्थी को निरंतर परिश्रम करना चाहिए। ताकि वह लक्ष्य प्राप्त कर जीवन में सफल हो सके। उन्होंने छात्र-छात्राओं के साथ संवाद भी किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश सिंह रावत ने कहा कि कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होता, बस एक प्रयास की जरूरत होती है। कार्यक्रम का संचालन विनीता आर्या ने किया। इस अवसर डॉ पवनेश ठकुराठी, फरीद अहमद, सोनम देवी, अजरा परवीन, डॉ विनोद कुमार, कामेश कुमार, भूपेंद्र नयाल आदि शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# तसनीमा कौसर और ज़ोया शेख़ ने अपनी शायरी से जीता दर्शकों का दिल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून 30 जनवरी : देहरादून में कविता कहानी के मंच का आयोजन किया गया। कविता कहानी मंच के निर्देशक प्रीतम जो की जगह जगह जाकर कविता कहानी का मंच लोगो को देते हैं। देहरादून मे हुआ इस मंच में दूर-दूर से लोग आए। जिसमे दून महिला शक्ति ट्रस्ट की ऑनर तसनीमा कौसर और जोया शेख़ ने अपनी शायरी से इस मंच को चार चाँद लगा दिए और कविता कहानी के मंच में आये लोगों को अपनी शायरी से मंत्रमुग्ध कर दिया, और साथ में शाम को और भी रंगीन बना दिया।

तसनीमा कौसर दून महिला शक्ति ट्रस्ट की ऑनर होने के साथ साथ समाज सेविका भी है, तसनीमा कौसर एक ऐसा नाम हे जिसने कदम कदम पर हर पल हर वक्त बहुत दिक्कतों का सामना किया और कभी हार नहीं मानी, दिक्कतों का सामना करते हुए अपने कदम आगे बढ़ाती रही , और आज तसनीमा कौसर 2500 महिलाओं की एक शानदार लीडर बनकर काम कर रही हे, अपना एनजीओ दून महिला सकती ट्रस्ट चला रही है, तसनीमा कौसर हर लेडी को स्ट्रांग बनाती कहती चाहती है।

जोया शेख़ का कहना है। कौन कहता है कि लड़कियां बोझ है. हर लड़की स्ट्रांग है आज की लड़की अपना बोझ तो क्या, परिवार का बोझ भी अपने कंधों पर उठाने की हिम्मत रखती है। तभी तो उन्हे संसार की जननी कहा गया है। बेशक पहले स्त्री को अबला माना जाता है, लेकिन आज की नारी अबला नहीं। शिक्षा हो या खेल कूद का क्षेत्र हो वह हर जगह अपनी मेहनत के बलबूते पर आगे बढ़ रही हैं। बेटों की तरह वह भी पूरी निष्ठा के साथ जिम्मेदारियां संभाल रही है। देश की बेटियां अब सिर्फ सिलाई- कढ़ाई या ब्यूटी पार्लर तक ही सीमित नहीं रह गई है बल्कि वह तो दुश्मनों के छक्के छुड़ाने के लिए तैयार हैं। प्रोग्राम के आखिर में बड़े ही सम्मना से तसनीमा कौसर और जोया शेख़ को निर्देशक प्रीतम द्वारा सर्टिफिकेट देते हुए सम्मानित किया। और साथ में निर्देशक प्रीतम ने तसनीमा को दिल्ली में आने का अवसर भी दिया।

# पहाड़ के इस गांव में ऐलान, बाहरी लोगों को नहीं बेचेंगे जमीन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पिथौरागढ़ 30 जनवरी : उत्तराखंड में बेशकीमती जमीनों को बचाने के लिए सशक्त भूकानून की मांग की जा रही है, ये मांग कब पूरी होगी, ये तो नहीं पता, लेकिन उत्तराखंड में एक गांव ऐसा जरूर है, जहां अब कोई बाहरी आदमी जमीन नहीं खरीद सकेगा, और नहीं गांव को कोई व्यक्ति बाहरी लोगों को जमीन बेच सकेगा।

हम बात कर रहे हैं हिमनगरी मुनस्यारी के निकटवर्ती चौना ग्राम पंचायत की। यहां ग्राम पंचायत की खुली बैठक हुई। जिसमें ग्राम पंचायत में बाहरी लोगों के जमीन खरीदने और ग्रामीणों के बेचने पर रोक लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। खुली बैठक में भाग नहीं लेने वाले विभागीय अधिकारियों के खिलाफ भी नाराजगी जताई गई..उद्यान, कृषि, पशुपालन और समाज कल्याण विभाग को लेकर चर्चा होनी थी, लेकिन कोई भी अधिकारी, कर्मचारी बैठक में नहीं पहुंचा

इस दौरान खुली बैठक में भाग नहीं लेने वाले विभागीय अधिकारियों के खिलाफ भी नाराजगी जताई गई। ग्रामीणों ने कहा कि खुली बैठक में भाग नहीं लेने वाले विभागों के अधिकारियों की शिकायत अब सीधे जिलाधिकारी और शासन से की जाएगी। इसके लिए भी प्रस्ताव पारित किया गया। गांव में ग्राम प्रधान गणेश जेठा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रेखीय विभागों में मात्र दो विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। अन्य विभागों के अधिकारियों के मौजूद नहीं रहने पर सदस्यों ने गहरी नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने कहा कि बैठक में उद्यान, कृषि, पशुपालन और समाज कल्याण विभाग को लेकर चर्चा होनी थी, लेकिन कोई भी अधिकारी, कर्मचारी बैठक में नहीं पहुंचा, यह पंचायती व्यवस्था की अवमानना है। मुन्सियारी के पास चौना गांव के लोगों ने बाहरी लोगों को जमीन न बेचने का फैसला लिया है। इस गांव में अब कोई भी बाहरी शख्स जमीन नहीं खरीद सकेगा।



# अगर आप भी व्हिस्की के शौकीन हैं तो जान लें जरूरी बात

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 30 जनवरी : हर साल दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय व्हिस्की दिवस मनाया जाता है। व्हिस्की एक पॉपुलर ड्रिंक है, जिसका उपयोग लोग सदियों से कई स्वास्थ्य समस्याओं को ठीक करने या फिर एंजॉय करने के लिए करते हैं।

यह दिन दुनिया में व्हिस्की के योगदान का सम्मान करने और विश्व स्तर पर व्हिस्की की सराहना को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया था। स्कूल में दी गई 8 क्लास के बच्चों को विदाई पार्टी व्हिस्की स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा सकती है, लेकिन इसका सेवन सीमित रखने पर। जरूरत से ज्यादा व्हिस्की आपकी सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचाने का काम करती है। तो आइए जानें व्हिस्की के फायदे और नुकसान क्या हैं?

व्हिस्की के साइड इफेक्ट्स लिवर को पहुंच सकता है नुकसानः जरूरत से ज्यादा शराब का सेवन लिवर को नुकसान पहुंचा सकता है। इससे लिवर फेलियर भी हो सकता है। व्हिस्की पीने से लत भी लग जाती हैः शराब की लत लगना एक गंभीर समस्या है, जो जरूरत से



ज्यादा व्हिस्की के सेवन से होती है, जिससे आप शारीरिक और मानसिक तौर पर दूसरों पर निर्भर हो जाते हैं।

शराब का ज्यादा सेवन कई तरह के कैंसर का खतरा बढ़ा देता है, जिसमें लिवर, गले और स्तन का कैंसर सबसे ज्यादा देखा जाता है।हालांकि, व्हिस्की का अगर सीमित सेवन किया जाए, तो इससे आपकी सेहत को फायदा भी पहुंच सकता है। विस्की में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करते हैं और सेलुलर नुकसान से बचाते हैं।

# उत्तराखंड : मछली उत्पादन के लिए अब 10 साल के लिए दिए जाएंगे तालाब

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 30 जनवरी : मछली पालन में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने जलाशय को ठेके पर देने की अवधि पांच साल से बढ़ा कर 10 साल कर दी है। सरकार का अनुमान है कि इससे तालाबों में मछली उत्पादकता प्रति हेक्टेयर 65 किलो. तक होने का अनुमान है। तालाबों को ठेके पर देने की प्रक्रिया टेंडर के माध्यम की जाएगी।मत्स्य विकास की ओर से मछली उत्पादन के लिए जलाशयों को ठेके पर दिया जाता है।

वर्तमान में तालाब को ठेके पर पांच साल के दिया जाता है, लेकिन तालाब में पहले वर्ष में मत्स्य बीज संचय करने में लगता है। जबकि क्षमता के अनुसार मछली उत्पादन प्राप्त करने में लगभग दो वर्ष का समय लगता है।इसके अतिरिक्त अंतिम वर्षों में ठेका समाप्त होने से ठेकेदार की ओर से जलाशय में उपलब्ध मछली स्टॉक को खाली किया जाता है। जिससे जलाशय



की उत्पादकता पर असर पड़ता है। सरकार का अनुमान है कि ठेका अवधि बढ़ाने से राज्य को प्राप्त होने वाले राजस्व में लगभग 50 से 60 प्रतिशत तक वृद्धि होगी। साथ ही वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर मत्स्य बीज संचय व मत्स्य आखेट से जलाशय का जल जैविक संतुलन बना रहेगा।

# महिलाओं के साथ ठीक से पेश आएं! डांस क्लब करवा रहा पुरुषों से एग्रीमेंट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 30 जनवरी : चीन में डार्क प्लेस नाम का एक डांस क्लब है, जो अपने यहां आने वाले पुरुषों से एग्रीमेंट पर साइन करवा रहा है कि वे अंदर किसी मेहमान के साथ गलत हरकत नहीं करेंगे. हिदायत दी जा रही कि महिलाओं के साथ ठीक से पेश आएं. जो लोग साइन नहीं करते, उन्हें अंदर प्रवेश नहीं दिया जा रहा है. दरअसल, इस क्लब में कुछ महिलाओं को दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा था. इसके बाद से क्लब ने ये फैसला लिया है. चीन के सोशल मीडिया वीवो पर इस कदम की खूब तारीफ हो रही है.

एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह क्लब दक्षिण पूर्वी चीन के गुआंग्डोंग प्रांत में है. यहां रोजाना मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. पहले यहां कसिी के आने भी छूट थी. लेकिन हाल ही में यहां कई महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के मामले सामने आने लगे. महलिाएं यहां आने से डरने लगीं. इसके बाद क्लब ने अनोखा फैसला लिया. बकायदा चीन की सोशल मीडिया साइट वीचैट पर इसकी घोषणा की. कहा-हम मेहमानों पर अनावश्यक प्रतिबंध नहीं लगाना चाहते, लेकिन कुछ महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न की घटनाएं हुईं हैं, जिसकी वजह से हमें ये फैसला लेना पड़ रहा है.

क्लब प्रबंधन ने कहा, हम चाहते हैं कि महिलाएं हों या पुरुष सभी सलीके से पेश आएं. ताकि किसी को कोई दिक्कत न हो. भविष्य में जो भी पुरुष डार्क पैलेस में प्रवेश करना चाहते हैं, उन्हें यौन उत्पीड़न विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर करना होगा. क्लब के अंदर सभी व्यवहार महिलाओं और अन्य मेहमानों के सम्मान पर आधारित होना चाहिए. पुरुष और महिला अगर अजनबी हैं तो संपर्क में न आएं. जो भी पुरुष नियमों का पालन नहीं करेगा, उसे क्लब की काली सूची में डाल दिया जाएगा. पुलिस को भी सौंपा जा सकता है. जिन्हें भी इससे दिक्कत हो, वे न आए तो बेहतर है. क्योंकि आपको प्रवेश नहीं मिलेगा.

# अयोध्या से लौटने पर महंत कृष्ण गिरि जी महाराज का भव्य स्वागत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। अयोध्या कार्यक्रम में उत्तराखंड से विशेष रूप से आमंत्रित टपकेश्वर महादेव मंदिर के मंहत कृष्णगिरि जी महाराज एवम श्री नरसिंह कृपा धाम के अधिष्ठाता आचार्य शशिकांत दूबे रामानुजाचार्य का अयोध्या कार्यक्रम से वापिस लौटने पर ब्राह्मण समाज उत्थान परिषद, पंजी. के पदाधिकारियों एवम सदस्यों द्वारा आज स्थानीय पलटन बाजार स्तिथ श्री जंगम शिवालय में माल्यार्पण कर भव्य अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष एस एन उपाध्याय ने बताया कि बड़े हर्ष का विषय है कि परिषद के संरक्षक महंत किशनगिरी जी महाराज एवम संगठन मंत्री आचार्य शशिकांत दूबे जी को अयोध्या कार्यक्रम में निमंत्रण मिलना गर्व की बात है।

हम उनको सम्मानित कर गर्व का अनुभव कर रहे हैं। सम्मान से अभिभूत महंत कृष्णगिरी जी महाराज जी ने बताया कि मेरे जीवन में इतना बड़ा आयोजन जो लाखों भक्तों की भीड़ के साथ बड़े शांति व सद्भाव से समापन होना अविस्मरणीय रहेगा। एक ही समय, एक ही स्थान पर देश विदेश से पधारें संत, महात्माओं का सम्मिलन ऐतिहासिक रहेगा। आचार्य शशिकांत दूबे जी ने बताया कि ऐसा पुण्य अवसर बड़े भाग्य से मिलता है।

परिषद के प्रवक्ता डॉ. वी.डी.शर्मा ने कहा कि यह सनातन धर्म ही है, जो भगवान श्रीराम जी की पुन रस्थापना हेतु पांच सौ साल की लंबी प्रतीक्षा, 77 युद्ध में लाखों के बलिदान के बाद 74 साल की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद ये गौरवमई प्राप्त हुआ है। सम्मान करने वालों में एस.पी.पाठक, अशोक कुमार मिश्रा, राम प्रताप मिश्र साकेती, उमाशंकर शर्मा, वीरेंद्र दत्त, डी.पी.पांडेय, उमा नरेश तिवारी, राहुल दूबे, ईशान दूबे आदि प्रमुख थे ।

## अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की

देहरादून। माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अतिक्रमण पर प्रभावी कार्यवाई के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशन में अतिक्रमणमुक्त अभियान के अन्तर्गत टीमों द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। आज घंटाघर-आराघर चौक-मियावाला-कुंआवाला, घंटाघर से प्रिन्स चौक, कांवली रोड-सीमाद्वार आदि स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम ने 46 चालान करते हुए रुपए 34050 के अर्थदंड की कार्रवाई की गई, पुलिस द्वारा लगभग 47 चालान करते हुए, रुपए 20500 के अर्थदंड की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार आरटीओ द्वारा लगभग 18 चालान करते हुए रुपए 9000 के अर्थदंड की कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है, कि अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित अभियान चलाते हुए, फुटपाथ, सडक़ों को अतिक्रमणमुक्त करें तथा किसी भी दशा में उन्हें पुनः अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण व किसी भी प्रकार की अवाछनीय गतिविधिया संचालित न होने दे। अतिक्रमण मुक्त अभियान के शुभारंभ 13 जनवरी 2024 से अब तक नगर निगम, पुलिस एवं आरटीओ द्वारा लगभग 4062 चालान किये जिनमें धनराशि रू0 895309 वसूली गई।

## लाला लाजपत राय के योगदान की जानकारी दी

कोटद्वार। सरस्वती शिशु मंदिर जानकीनगर में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेता रहे लाला लाजपत राय की जयंती मनाई गई। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को लाला लाजपत राय के योगदान के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रदीप नौटियाल ने लाला लाजपत राय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत उन्होंने विद्यार्थियों को लाला लाजपत राय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर अंचल कुमार अग्रवाल, योगेश नेगी, गीता रावत, सुनीता पंत, अंजू, कीर्ति द्विवेदी, श्रेया चौधरी, अंजलि कंडवाल, पूजा चतुर्वेदी, हेमा पांडेय आदि मौजूद रहे।

## लावारिस पशुओं से निजात दिलाने की मांग

कोटद्वार। पूर्व सैनिकों ने नगर निगम क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे लावारिस पशुओं के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। आरोप लगाया कि इस संबंध में कई बार शिकायत के बाद भी अनदेखी की जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। पूर्व-सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल ने कहा कि पिछले कुछ माह से नगर निगम क्षेत्र में लावारिस पशुओं का आतंक बढने लगा है। आए दिन लावारिस पशु राह चलते लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। रविवार दोपहर भी नजीबाबाद रोड में एक सांड ने एक युवक पर हमला कर दिया था। लावारिस पशुओं के आतंक से बुजुर्गों ने सडक़ पर निकलना भी छोड़ दिया है और लोगों में लगातार खौफ बढ़ता जा रहा है। बावजूद प्रशासन लापरवाह बना हुआ है। कहा कि लावारिस पशुओं से जल्द निजात नहीं दिलाई तो आंदोलन किया जाएगा।

## ओमप्रकाश बने डाडामंडी गेंद मेला समिति के अध्यक्ष

कोटद्वार। गेंद मेला समिति डाडामंडी की एक बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से ओम प्रकाश तिवाड़ी को अध्यक्ष चुना गया। बैठक में अर्जुन सिंह रावत ने अध्यक्ष पद के लिए ओम प्रकाश तिवाड़ी के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे ध्वनि मत से पारित किया गया। इस मौके पर नवनियुक्त अध्यक्ष ओम प्रकाश तिवाड़ी की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें शंभू प्रसाद तिवाड़ी, शशि देव, सतीश चंद्र काला को संरक्षक चुना गया। जबकि बौंठा के ग्राम प्रधान चंद्रमोहन और जमेली की ग्राम प्रधान नीलम देवी को पदेन संरक्षक नियुक्त किया गया। सौरभ धूलिया और राजेंद्र सिंह रावत को मीडिया प्रभारी, महेंद्र चौहान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुकेश बड़थ्वाल को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, लक्ष्मी देवी को महिला उपाध्यक्ष, किशन चौधरी को सचिव, अर्जुन सिंह नेगी को सह सचिव, विजयमान बिष्ट को प्रचार सचिव, हरेंद्र सिंह रावत को कोषाध्यक्ष चुना गया।

## विधानसभा सत्र के दौरान यूकेडी करेगी आंदोलन

कोटद्वार। 5 फरवरी से होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान यूकेडी कोटद्वार में आंदोलन करेगी। यूकेडी के संरक्षक डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि भू-कानून और मूल निवास के मुद्दे पर यूकेडी का पूरा समर्थन है। इससे पूर्व बैठक में महानगर अध्यक्ष पुष्कर सिंह रावत ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए गोविंद डंडरियाल को कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति का अध्यक्ष, राजेंद्र पंत को महानगर उपाध्यक्ष, सत्यपाल सिंह नेगी को महामंत्री नियुक्त किया। रमेश चंद्र कोठारी को सहकारिता प्रकोष्ठ का अध्यक्ष एवं सतीश कुमार टम्टा को अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं सतपाल सिंह नेगी को युवा यूकेडी का अध्यक्ष चुना गया। मौके पर जगदीपक सिंह रावत, महेंद्र सिंह रावत, सत्य प्रकाश भारद्वाज, सर्वेंद्र काला, विनोद चौधरी, मेहरबान सिंह नेगी, भारत मोहन काला मौजूद रहे।

## संक्षप्ति खबरें

### रामभक्तों का दल अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए रवाना

ऋषिकेश। अयोध्या में भगवान राम के बाल स्वरूप की प्रतिमा विराजमान होने से ऋषिकेशवासियों में खुशी की लहर है। सोमवार को आरएसएस के स्वयंसेवकों ने 32 रामभक्तों के दल को अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए रवाना किया। सोमवार को आदर्श ग्राम स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत आरएसएस के स्वयंसेवकों ने 32 राम भक्तों को तिलक लगाकर अयोध्या के लिए रवाना किया। कार्यक्रम संयोजक दीपक तायल ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूरे देश में उत्साह का माहौल है। ऋषिकेश से भी राम भक्त अयोध्या दर्शन के लिए लगातार जा रहे हैं। इसी कड़ी में 32 राम भक्तों के दल को अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए रवाना किया गया है। अभी तक कुल 1500 राम भक्त आरएसएस की ओर से अयोध्या भेजे जा चुके हैं। इस दौरान अयोध्या से लौटे स्वामी हयग्रिवाचार्य ने अपने अनुभवों को साझा किया। मौके पर नगर संघ चालक भारत भूषण, जिला व्यवस्था प्रमुख संदीप मल्होत्रा, घनश्याम अरोड़ा, सह जिला कार्यवाह राकेश शर्मा, सुदामा सिंघल, जिला कार्यवाह हरीश आदि उपस्थित रहे।

### आरआर पाल एकेडमी बनी क्रिकेट चैंपियन

ऋषिकेश। वीरभद्र क्रिकेट एकेडमी के अंडर-16 बालक क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 में खिलाडियों ने दमखम दिखाया। टूर्नामेंट के फाइनल में आरआर पाल क्रिकेट एकेडमी देहरादून ने प्रकाश स्पोट्र्स एकेडमी हरिद्वार को 143 रनों से हराया। सोमवार को आईडीपीएल खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मुकाबला प्रकाश स्पोट्र्स एकेडमी हरिद्वार और आरआर पाल क्रिकेट एकेडमी देहरादून के बीच खेला गया। इसमें आरआर पाल क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 199 रन बनाए। इसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी प्रकाश स्पोट्र्स एकेडमी की पूरी टीम 19.4 ओवर मे मात्र 56 रन पर ऑल आउट हो गई। इससे यह मुकाबला आरआर पाल क्रिकेट एकेडमी ने 143 रन से जीत लिया। आरआर पाल क्रिकेट एकेडमी की तरफ से मोहम्मद अयान ने 47 गेंदों पर 52 रन बनाए और गेंदबाजी मे 6.4 ओवर में मात्र 16 रन देकर 8 विकेट लिए। मोहम्मद अयान को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। प्रकाश स्पोट्र्स एकेडमी के संदीप को मैन ऑफ द सीरीज, नमन को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, राहुल नेगी को टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के रूप में पुरस्कृत किया गया। मौके पर सूर्य किरण सोसायटी के अध्यक्ष डीबीपीएस रावत, देवेश्वर प्रसाद रतूड़ी, डॉ. राजे नेगी, राजीव लोचन सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, राजेश भट्ट, भूपेन्द्र भण्डारी, गणेश भंडारी, अभिषेक नेगी आदि उपस्थित रहे।

### जनता की समस्याओं का निराकरण ही प्राथमिकता: अग्रवाल

ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता की समस्याओं का निराकरण कराना उनकी प्राथमिकता है। ऋषिकेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भरपूर विकास किया जा रहा है। सोमवार को चकजोगीवाला में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने नवनिर्मित पंचायत भवन का रिबन काटकर लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि पंचायतघर के खुलने से स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी। यहां एक ही छत के नीचे ग्रामीणों की सभी विभागों से संबंधित समस्याओं का निस्तारण हो पाएगा। कहा कि वह ऋषिकेश विधानसभा के विकास के लिए वचनबद्ध हैं। मौके पर ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा, सोबन सिंह कैंतूरा, ग्राम प्रधान चक जोगीवाला भगवान सिंह मेहर, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा समा पंवार, अनीता राणा, दयाल सिंह पंवार, भरत सिंह नेगी, प्यार सिंह रावत, टीका राम व्यास, हुकम सिंह रांगड़, मिथुन कश्यप, आशा व्यास, विजयलक्ष्मी, कोमल व्यास, शांति प्रसाद, बलविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### गंगा आरती के लिए चार राज्यों के 35 पुरोहितों का प्रशिक्षण शुरू

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में तीन दिवसीय गंगा जागरूकता और आरती प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हुई। इसमें चार राज्यों के 23 घाटों के 35 पुरोहितों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सोमवार को कार्यशाला का शुभारंभ परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल के 23 घाटों के 35 पुरोहित प्रशिक्षण ले रहे हैं। इन्हें गंगा आरती का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें गंगा की महत्ता, स्वच्छता व संरक्षण सहित अन्य मुद्दों पर भी जागरूक किया जाएगा। मौके पर संचार विशेषज्ञ नमामि गंगे उत्तराखंड पूरण कापड़ी, जीवा की डायरेक्टर गंगा नंदिनी त्रिपाठी, प्रशिक्षक वंदना शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मंत्री सौरभ बहुगुणा, दादा जी को याद कर हुए भावुक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी गढ़वाल 30 जनवरी : देवभूमि उत्तराखंड के लोग अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं, चाहे वो जो भी काम करें और जहां भी रहें। उत्तराखंड की मूल भावना को अपने व्यक्तित्व में समाहित रखने वाले सूबे के सबसे युवा मंत्री सौरभ बहुगुणा भी कुछ अलग नहीं हैं। जब वह पौड़ी बुघाणी स्थित अपने पैतृक निवास पर पहुंचे तो उनकी आंखें कई बार भावुकता और विनम्रता के भाव से भरी दिखाई पड़ीं।

अपने दादा स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा के व्यक्तित्व और उनकी विचारधारा के प्रशंसक सौरभ जब हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय संग्रहालय पहुंचे तो उनकी जिज्ञासा का ठिकाना नहीं था। बता दें कि सौरभ बहुगुणा अपने परिवार के साथ देवलगढ़ में श्री गौरा देवी मंदिर और मां राजराजेश्वरी जी सिद्धपीठ में दर्शन के बाद गढ़वाल जनपद के बुघाणी में स्थित अपने पैतृक निवास स्थान पर पहुंचे थे।

यहां उन्होंने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की स्मृतियों को याद किया और उनके बारे में कई लोगों से बातचीत भी की। युवा मंत्री ने बताया कि लोग हेमवती नंदन बहुगुणा को आज भी याद करते हैं। उन्होंने कहा, ₹यह मेरा सौभाग्य है कि मेरा जन्म उनके परिवार में हुआ और उनके नेक कार्यों को आगे बढ़ाने का अवसर मुझे मिला। यहां गांव का वातावरण निजी तौर पर मेरे लिए भावनाओं का तीर्थ है।₹इस दौरान सौरभ बहुगुणा ने आस पड़ोस के लोगों और परिजनों के साथ बैठकर भोजन भी ग्रहण किया। उन्होंने आस पड़ोस के बड़े बुजुर्गों से मुलाकात कर अपने दादा के बारे में बातचीत की। इस अवसर पर कई बार सौरभ भावुक भी नज़र आए। उन्होंने कहा कि यहां आना उनके लिए हमेशा ही खास रहता है।गौरतलब है कि सौरभ बहुगुणा प्रदेश के सबसे अधिक सक्रिय मंत्रियों में गिने जाते हैं। पहाड़ों में उनके दौरे आम सी बात हैं। उन्होंने बुघाणी के लोगों से वादा भी किया है कि वह आगे भी यहां आते रहेंगे। लाज़मी है, सौरभ बहुगुणा के व्यक्तित्व के अंदर उत्तराखंड पूर्ण रूप से बसता है। ठीक हेमवती नंदन बहुगुणा की तरह ही, वह अपनी जड़ों से जुड़े हुए व्यक्ति और जन नेता के रूप में जाने जाते हैं। कहीं ना कहीं, आज राज्य में उनकी बढ़ती ख्याति भी इसी सरल अंदाज और पहाड़ों की परवरिश की देन है।



# भू माफियाओं के खिलाफ हो सक्त कार्रवाई : उपपा

हल्द्वानी। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने सशक्त भू कानून बनाकर भू माफियाओं के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की मांग की है। सोमवार को आयोजित पार्टी की बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि राज्य के प्राकृतिक संसाधनों और जमीनों पर कब्जा कराने में राष्ट्रीय दलों की भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि उपपा की पहल पर अल्मोड़ा जिले के हवालबाग और चितई में गैरकानूनी ढंग से खरीदी गई जमीनें जब्त की गई हैं। कहा कि राज्य में नामी और बेनामी जमीनों पर अब भी पूंजीपतियों को कब्जा करवाने की कोशिश जारी है। इसमें स्थानीय प्रशासन और भू माफियाओं की मिलीभगत सामने आ रही है। इसका खुलासा पार्टी बहुत जल्द करेगी। पूरे प्रदेश में भू कानून लागू करने की मांग की जा रही है। मांग मानने के बजाय उन्हें ही विकास विरोधी बताया जा रहा है। इसके खिलाफ पूरे राज्य में आंदोलन चलाया जाएगा। बैठक में केंद्रीय महासचिव दीवान खनी, अमीन्नुर रहमान, नारायण राम, विनोद जोशी, चिंता राम, प्रकाश उनियाल, जगदीश ममगई, सुनील, वकील अहमद, एसआर टम्टा, दलीप कुमार, राजू गिरी, बिशन दत्त सनवाल, महेश जोशी, भूपाल धपोला, दीपांशु पांडे, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# आईसीयू शिफ्ट करने को दोबारा भेजा पत्र

हल्द्वानी। सडक़ चौड़ीकरण की जद में आए बेस अस्पताल के इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाना है। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन ने आईसीयू का निर्माण करने वाली एचएल कंपनी को दूसरी बार पत्र भेजा है। अस्पताल के प्रभारी पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि इससे पूर्व कंपनी व ठेकेदार को पत्र भेजा गया था, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। इसलिए दूसरी बार कंपनी को पत्र भेजा गया है। बताया कि अगर फिर भी जवाब नहीं आता है तो अस्पताल स्तर पर ही आईसीयू को शिफ्ट करने पर विचार किया जाएगा।

# अयोध्या के लिए 150 श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना

हल्द्वानी। नैनीताल जिले से सोमवार को 150 श्रद्धालुओं का पहला दल अयोध्या राम मंदिर के लिए रवाना हुआ। आरएसएस के मुखानी स्थित कार्यालय से संघ प्रांत संघ चालक डॉ. बहादुर सिंह बिष्ट ने भगवा ध्वज दिखाकर जयघोष के साथ बस को रवाना किया। दल मंगलवार सुबह अयोध्या पहुंचेगा और दो दिवसीय भ्रमण के बाद 1 फरवरी को वापस लौटेगा। इस दौरान सह प्रांत प्रचार प्रमुख बृजेश बनकोटी, सह प्रांत ग्राम्य विकास प्रमुख सतेंद्र रावत, विनीत टंडन, कमलेश, उत्तम नयाल, प्रदीप लोहनी, उमेश चुफाल, तनुज गुप्ता, तरुण सक्सेना, चंद्रशेखर जोशी, ललित परगाई, अशोक आदि मौजूद रहे।

# त्याग-तपस्या की प्रतिमूर्ति थे तारा बाबा महाराज: गोविंद काण्डा

हरिद्वार। हरियाणा के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं तारा बाबा धाम सिरसा व हरिद्वार के प्रधान सेवक गोविंद काण्डा ने संत समाज की उपस्थिति में गुजरांवाला भवन स्थित बाबा तारा घाट का लोकापर्ण किया। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण के लिए जीवन समर्पित करने वाले ब्रह्मलीन तारा बाबा महाराज त्याग और तपस्या की अद्भूत प्रतिमूर्ति थे। तारा बाबा की स्मृति में घाट का नवीनीकरण और सौंदर्यकरण कराने के लिए गौ गंगा सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी निर्मल दास बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि धर्मनगरी हरिद्वार में पूरे देश से श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए आते हैं।

# आबादी क्षेत्र में आठ फीट का अजगर निकलने से हडक़ंप

हरिद्वार। रानीपुर मोड से करीब 500 मीटर स्थित भगत चौक के पास एक चेंबर में राहगीरों ने एक बड़े अजगर को देखा। भगत सिंह चौक शहर के व्यस्त चौराहों में से एक है। चौक के पास अजगर को देखकर कुछ देर में वहां पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी संतन सिंह नेगी कुछ ही देर में मौके पर पहुंचे। उन्होंने अजगर को रेस्क्यू कर श्यामपुर रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया।

# मोदी के सूत्र को आत्मसात करें युवा : रविंद्रपुरी

हरिद्वार। एसएमजेएन कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा-2024 लाइव कार्यक्रम को छात्र-छात्राओं के सम्मुख प्रदर्शित किया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्र पुरी ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि स्वयं से प्रतिस्पर्धा के प्रधानमंत्री के सूत्र को जीवन में आत्मसात करें। प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बत्रा ने सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिये गये सुझावों को अमल में लाकर अवश्य ही कामयाबी प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी, विनय थपलियाल, डॉ. शिव कुमार चौहान, वैभव बत्रा, डॉ. पूर्णिमा सुन्दरियाल, रिंकल गोयल, रिचा मनोचा, आस्था आनन्द, डॉ. मोना शर्मा, डॉ. लता शर्मा, डॉ. सरोज शर्मा, डॉ. रजनी सिंघल, डॉ. विनीता चौहान, डॉ. मिनाक्षी शर्मा, डॉ. पदमावती तनेजा, डॉ. विजय शर्मा, विनीत सक्सेना, डॉ. पुनीता शर्मा, मोहन चन्द्र पांडेय सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# थ्री व्हीलर चोरी करने का आरोपी दबोचा

हरिद्वार। शहर कोतवाली पुलिस ने थ्री व्हीलर चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। भोलागिरी रोड़ गंगा आश्रम निवासी अशोक कुमार रिहान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि बीते दिनों शहर कोतवाली क्षेत्र से उसका थ्री व्हीलर चोरी हो गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी सागर गुप्ता निवासी ग्राम केहड़ा लक्सर को गिरफ्तार किया है।

# एनडीआरएफ में तैनात हल्द्वानी के पंकज राष्ट्रपति पदक से सम्मानित

हल्द्वानी। एनडीआरएफ में सेकेंड इन कमांड पद पर तैनात पंकज कविदयाल को उनके सराहनीय कार्यों के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया है। पंकज कविदयाल मूल रूप से हल्द्वानी के बरेली रोड स्थित सुयाल कॉलोनी के रहने वाले हैं। उनकी मूल तैनाती बीएसएफ में है। सात वर्ष के डेप्यूटेशन पर उन्हें एनडीआरएफ में भेजा गया है। एनडीएआरएफ में अभी तक अपने दो वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने कई बड़े रेस्क्यू अभियान टीम के साथ चलाए और सैकड़ों लोगों की जान बचाई। वहीं वर्ष 2010 में झारखंड और वर्ष 2011 में असम और पश्चिम बंगाल में सफलतापूर्वक चुनाव कराए। वर्तमान में उनकी तैनाती असम के गुवाहाटी में है। दिल्ली में राष्ट्रपति ने उन्हें पदक से सम्मानित किया। उनके इस सम्मान पर उनके पिता जीवन चंद्र कविदयाल और उनके बड़े भाई नगेंद्र प्रकाश कविदयाल व अन्य परिजनों ने खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## संक्षप्ति खबरें

### नगर निगम ने यात्रा बस अड्डे पर अतिक्रमण ध्वस्त किया

ऋषिकेश। शहर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने सख्त रुख अपना लिया है। संयुक्त यात्रा बस अड्डे पर मंदिर की आड़ में कब्जे का प्रयास नगर निगम की टीम ने विफल कर दिया। कर्मचारियों ने टीनशेड डालकर किए जा रहे निर्माण को ध्वस्त कर दिया है। टीनशेड के ढांचे को भी जब्त कर लिया गया। नगर आयुक्त शैलेंद्र सिंह नेगी के निर्देश पर सोमवार को नगर निगम की टीम संयुक्त यात्रा बस अड्डे पर पहुंची। यहां परिसर में एक पीपल के पेड़ के नीचे शनिदेव की मूर्ति की आड़ में किए जा रहे निर्माण को हटाया गया। ईंट की दीवारों को निगम कर्मियों ने हथौड़े से तोड़ दिया। अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ लोग कार्रवाई का विरोध करते हुए मौके पर आ धमके। निगम अधिकारियों ने उनसे निर्माण संबंधी अनुमति के दस्तावेज मांगे, तो वह बगले झांकने लगे। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते उनकी एक नहीं चली। नगर आयुक्त ने कहा कि बगैर अनुमति के सार्वजनिक संपत्ति पर निर्माण की नहीं करने दिया जाएगा। अतिक्रमणकारियों को पहले ही चेतावनी जारी की चुकी है। अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने नगर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने में स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की है। कार्रवाई में सफाई निरीक्षक अभिषेक मल्होत्रा आदि शामिल रहे।

### गणित विज्ञान के शिक्षकों का छह दिवसीय प्रशिक्षण शुरु

विकासनगर। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विकासखंड कालसी के माध्यमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापक एलटी, गणित और विज्ञान का छह दिवसीय सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज कालसी में शुरू हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी भुवनेश्वर प्रसाद जदली ने किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि गणित और विज्ञान जैसे विषयों में प्रशिक्षण से शिक्षण कार्यों में निखार आएगा। इस प्रशिक्षण के बाद शिक्षक छात्र छात्राओं को और बेहर तरीके से शिक्षा दे पाएंगे। प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज कालसी सुनील गौड को प्रशिक्षण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### छात्रों ने रोबोट डिजाइन कर लक्ष्य तक पहुंचाए

विकासनगर। डीपीएस विकासनगर स्कूल में रोबोटिक्स पर अंतर विद्यालयी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यह आयोजन प्रशिक्षित पेशेवरों के नेतृत्व में व्यापक कार्यशाला के साथ शुरू हुआ। जिसमें छात्रों को अपनी रोबोट कारों की अवधारणा, निर्माण और संचालन के लिए ज्ञान और कौशल से अवगत कराया गया। कार्यशाला का उद्देश्य रोबोटिक्स में छात्रों की रुचि को बढ़ावा देना और उन्हें इंजीनियरिंग और प्रोग्रामिंग में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना रहा। इस प्रतियोगिता में स्कूल के कक्षा तीन से सातवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो वर्ग बेसिक और एडवांस में हुई। छात्रों को एक निश्चित समय के भीतर निश्चित लक्ष्य तक पहुंचने वाले रोबोट को डिजाइन और प्रोग्राम करना था। प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन पर स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया कुमार ने सभी छात्रों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि रोबोटिक्स एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है।

### चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पांवटा रोड हरबर्टपुर से चोरी हुई बाइक के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बाइक को बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने चोरी का मुकदमा तरमीम कर कोर्ट में पेश किया है। जहां से आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। शाहरुख पुत्र जरीफ निवासी बरला पुलिस चौकी बरला जिला मुजफ्फरनगर यूपी हाल निवासी खुशहालपुर थाना सहसपुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी बाइक पांवटा रोड से चोरी हो गयी। जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया था।

### श्रीराम के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं: यतीश्वरानंद

हरिद्वार। पूर्व मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि हमें अपने अंदर राम के विचारों को उतारना चाहिए। श्रीराम के विचारों को जन जन तक पहुंचाना होगा, तभी हम विश्व गुरु बन पाएंगे। देश संसाधनों के साथ-साथ विचारों से भी बड़ा बनता है। यह बातें उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कही। कांगड़ी के सोमेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित रामायण अखंड पाठ और शोभा यात्रा के सफल आयोजन पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा युवाओं को सम्मानित किया गया।

### भुलक्कड़ को साहित्य रत्न सम्मान

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव नसीरपुर कलां निवासी पंडित पुष्पराज धीमान भुलक्कड़ को अलीगढ़ उत्तर प्रदेश की संस्था शब्द शब्द दर्पण साहित्यिक समूह ने साहित्यिक सेवा के लिए साहित्य रत्न सम्मान से नवाजा गया है।

# एडीएम ने ली जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक

## जनपद में संचालित एसटीपी का नियमित तकनीकी निरीक्षण करने के दिए निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। अपर जिलाधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक हुई। जिसमें गंगा नदी की सभी प्रमुख सहायक नदियों के पुनरुद्धार, संरक्षण, मरम्मत और पुनर्वास के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने नमामि गंगे द्वारा निर्मित एसटीपी का संयुक्त निरीक्षण करते हुए जल संस्थान को हेडओवर की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही औद्योगिक संस्थान कालेश्वर और जिले में संचालित प्राइवेट एसटीपी का संयुक्त निरीक्षण करते हुए इसकी रिपोर्ट भी अगली समीक्षा बैठक में प्रस्तुत की जाए। पर्यटन एवं यात्रा व्यवसाय से जुड़े होटल जिसमें 20 से अधिक कक्ष है, उनमें एसटीपी प्लांट लगाने और एसटीपी से संयोजन करने हेतु नोटिस दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद में संचालित सभी एसटीपी का नियमित रूप से तकनीकी निरीक्षण किया जाए। एसटीपी में सीवेज ट्रीटमेंट के बाद बचे कीचड़ (स्लज) का इस्तेमाल खाद बनाने में किया जाए और एनजीओ या किसी संस्था के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जाए। नगर निकायों में डोर-टू-डोर कूड़ा क्लेक्शन व सोर्स सेग्रिगेशन पर विशेष फोकस करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान किया जाए।


सदस्य सचिव/प्रभागीय वनाधिकारी सर्वेश कुमार दुबे ने विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद में स्वीकृत 16 एसटीपी का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसमें 28 नालों को जोड़ा गया है। इसमें बद्रीनाथ में 6, जोशीमठ में 05, गोपेश्वर में 07, नंदप्रयाग में 03 तथा कर्णप्रयाग में 07 गंदे नाले एसटीपी से जोडे गए है। पीपलकोटी, थराली तथा गौचर के लिए एसटीपी निर्माण हेतु नमामि गंगे द्वारा आंगणन तैयार किया जा रहा है। पेयजल निगम द्वारा 12 एसटीपी जल संस्थान को हस्तगत कर दी गई है। नगर निकायों में सोर्स सेग्रीगेशन, डोर टू डोर कूडा कलेक्शन, नालों की नियमित सफाई तथा कूडे से खाद बनाने का काम किया जा रहा है। औद्योगिक आस्थान कालेश्वर में उद्योग इकाइयों को एसटीपी प्लांट से जोडा गया है।

बैठक में डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, एसीएमओ डॉ बीपी सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी वीपी मौर्य, जिला पर्यटन अधिकारी वृजेन्द्र पांडेय, एई जल संस्थान अरुण गुप्ता, पेयजल निगम कनिष्ट अभियंता निषा रावत, महेश मिश्रा, अधिशासी अधिकारी सुधीर कुमार आदि उपस्थित थे।

# गुरुनानक एकेडमी 59 रन से जीती

देहरादून। द हैरिटेज स्कूल नॉर्थ कैंपस में आयोजित इंटर स्कूल अंडर- 15 जूनियर ब्वाइज क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुनानक एकेडमी ने विनहिल स्कूल को 59 रनों से हराया। द हैरिटेज स्कूल नॉर्थ कैंपस सहस्त्रधारा रोड में रविवार को दोनों टीमों के बीच मैच खेला गया। गुरुनानक एकेडमी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 98 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विनहिल की टीम निर्धारित ओवर में 39 रन पर सिमट गई। गुरुनानक एकेडमी के शौर्य ने पांच विकेट लिए। मौके पर अवधेश चौधरी, सिद्धार्थ चौधरी, दीपाली सिंह, स्वाति पपनै, सुभि थापा, आयुष मित्तल, गौतम प्रधान आदि मौजूद थे।

# संपादकीय



## पीएम के निशाने पर 'इंडिया'

बेशक नीतीश कुमार के भाजपा से जुडने का व्यापक असर राष्ट्रीय राजनीति पर न पड़े, क्योंकि उनकी सियासत बिहार तक ही सीमित रही है, लेकिन वह राजनीति की अवधारणा बदल सकते हैं। विपक्षी गठबंधन के तौर पर जो अवधारणा देश भर में बन सकती थी, वह अब बिखर सकती है। यूं कहें कि बिखराव के मुहाने पर है। नीतीश ने ही प्रधानमंत्री मोदी को निशाना बनाते हुए विपक्ष का आह्वान किया था कि एकजुट होकर चुनाव लड़ोगे, तो भाजपा को 100 सीटों तक रोका जा सकता है। हालांकि यह आह्वान भी अतिशयोक्ति था, लेकिन नीतीश ने ही सूत्रधार बनकर अपील की थी कि कांग्रेस को धुरी बनाए बिना कोई विपक्षी गठबंधन कारगर साबित नहीं हो सकता, क्योंकि वह विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी है और उसकी व्यापकता भी असंदिग्ध है। उन्होंने सोनिया-राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खडग़े से लेकर ममता बनर्जी, केजरीवाल, नवीन पटनायक, चंद्रशेखर राव, अखिलेश यादव और वामपंथी नेताओं तक सभी से मुलाकात कर एक साझा मंच बनाने की कोशिशें जारी रखीं। दरअसल विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' नीतीश के राजनीतिक प्रयासों का ही प्रतिफल है। यह दीगर है कि वह इस नामकरण से सहमत नहीं थे। सवाल है कि कल तक जो शख्स विपक्ष का सूत्रधार था, उसे गठबंधन का संयोजक तक क्यों नहीं बनाया गया? क्या जातीय गणना के मुद्दे पर असहमति और आरक्षण के विरोधाभासों के कारण नीतीश को हाशिए पर रखा गया? न तो उनमें प्रधानमंत्री बनने की इच्छा थी और न ही उनकी पार्टी इतनी बड़ी है कि प्रधानमंत्री पद का दावा कर सके। दरअसल जो अंतर्विरोध कांग्रेस और समाजवादी दलों के बीच 1970 के दशक में गहराए थे, वे आज भी मौजूद हैं, बेशक पिछले कुछ दशकों से कांग्रेस इन्हीं दलों की सरकारों को समर्थन देती रही है। आज उन्हीं के समर्थन और सहयोग से विपक्षी गठबंधन बनाने को विवश है। 'इंडिया' में भी कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के कंधों पर सवार होकर खुद को मजबूत करने की राजनीति कर रही है। नतीजतन ममता बनर्जी, केजरीवाल ने गठबंधन न करने के बयान दिए हैं और नीतीश कुमार तो पाला बदल कर भाजपा के साथ चले गए हैं। उप्र में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस को 11 सीटें देने की घोषणा की थी, लेकिन कांग्रेस अब भी 16 सीटें लेने पर अड़ी है और सपा अध्यक्ष की घोषणा को 'अपरिपक्व' करार दे रही है। बहरहाल गठबंधन की जो धारणा देश भर में बन रही थी, नीतीश कुमार के पाला बदलने के बाद वह जरूर खंडित हुई है। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की चुनावी रणनीति भिन्न है। दरअसल 'इंडिया' प्रधानमंत्री मोदी के निशाने पर रहा है, ताकि 'मोदी बनाम विपक्ष का साझा चेहरा' वाला चुनाव न हो सके। भीतरी सूत्रों का दावा है कि सितंबर से जनवरी के बीच प्रधानमंत्री और नीतीश के बीच 9 बार बातचीत हुई है। तीन बार तो प्रधानमंत्री ने औपचारिक तौर पर नीतीश से बात की थी। जाहिर है कि पाला बदलने के अलावा विपक्षी गठबंधन को छिन्न-भिन्न करने पर बात हुई होगी! 'इंडिया' गठबंधन के तौर पर अभी तक पुख्ता नहीं हो पाया है, लेकिन प्रधानमंत्री की रणनीति के मुताबिक भाजपा छोटी से छोटी पार्टी को भी साथ में जोड़ रही है, ताकि जातीय और क्षेत्र के स्तर पर जो छिद्र और फासले शेष रहेंगे, उन्हें भरा जा सके और लगातार तीसरी बार एनडीए का प्रधानमंत्री चुना जा सके।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## लकड़ी कटान में 12 लाख से ज्यादा का गबन

देहरादून। टोंस वन प्रभाग के पुरोला में अवैध कटान के साथ ही विभागीय धन के गबन का मामला भी सामने आया है। वन विभाग की जांच में ये बात सामने आयी है कि जिन लाटों में लकड़ी काटे बिना निकासी की परमिशन मांगी गई थी, वहां कटान के नाम पर करीब 12 लाख रुपए के बिलों का फर्जी भुगतान भी दिखाया गया। इस खुलासे के बाद वन संरक्षक ने मामले की विजिलेंस जांच की सिफारिश शासन से की है। डीएफओ टोंस कुंदन कुमार की जांच में सामने आया था कि वन निगम के पुरोला डीएलएम की ओर से जिन 74 लाटों से लकड़ी निकासी की अनुमति मांगी गई थी। इनमें से कोटीगाड़ रेंज के आंद्रेगाड़ बीट में 142 घन मीटर और 299 घन मीटर कटान भी शामिल था। लेकिन स्थलीय निरीक्षण में वहां किसी तरह का कटान सामने नहीं आया। जिसके बाद इस मामले में अनियमितता की कहकर डीएफओ ने वन निगम अधिकारियों व कर्मचारियों पर एफआईआर की संस्तुति की थी। लेकिन अब जांच में इससे भी चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है।

जिन बीटों में कटान के बिना कार्रवाई की अनुमति मांगी गई थी वहां वन निगम की ओर से 12 लाख रुपए से ज्यादा का भुगतान करना दिखाया गया है। जो कि लकड़ी कटान व उससे जुड़े कामों के लिए किया। लेकिन वहां कटान हुआ ही नहीं ऐसे में फर्जी बिल लगाकर विभागीय पैसों का गबन किया गया।

## लोक परंपरा पर बनी फिल्म पितृकुड़ा दो को होगी रिलीज

देहरादून। पित्रों के प्रति उत्तराखण्ड की अनोखी परम्परा पर बनी गढ़वाली फ़ीचर फ़िल्म पितृकुड़ा दो फरवरी को रिलीज हो रही है। सोमवार को मसूरी में फिल्म का ऑफिसियल पोस्टर लांच किया गया। इस अवसर पर फिल्म निर्देशक प्रदीप भण्डारी ने बताया कि केदारखण्ड क्षेत्र की अद्वतीय परम्परा पितृकुड़ा (लिंगवास) पर एक पारिवारिक फिल्म बनी है। जो परिवार के भावानात्मक रिश्तों पर बनी है। सिल्वर स्क्रीन पर पहली बार लोगों को पितृकुड़ा संस्कार के रूप में प्रदेश की अद्भुत संस्कृति के दर्शन होंगे। फिल्म में जबर्दस्त एक्शन थ्रिलर, रोमांच, हास्य और मधुर गीत संगीत है। फिल्म की शूटिंग मसूरी, टिहरी, देहरादून, नैनीताल, चोपता आदि रमणीक स्थलों पर हुई है। पर्वतीय बिगुल फिल्म्स के बैनर पर बनी पितृकुड़ा एडीटर नागेन्द्र प्रसाद एवं सहायक निर्देशक विजय भारती हैं। फिल्म का बैक ग्राउण्ड म्यूजिक, डबिंग युवा संगीतकार आशीष पन्त एवं साथियों ने तैयार किया है।

# संक्षिप्त खबरें

## गिरधारी अध्यक्ष व गिरीश महासचिव निर्वाचित

देहरादून। उत्तराखंड सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) संघ के चुनाव में गिरधारी सिंह रावत अध्यक्ष और गिरीश गुणवंत महासचिव निर्वाचित किए गए। संघ के दो दिवसीय अधिवेशन के समापन पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। संघ के निवर्तमान अध्यक्ष ललित मोहन रयाल के आईएएस काडर में प्रमोशन होने के बाद से कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में गिरधारी रावत जिम्मेदारी संभाल रहे थे। वहीं, महासचिव हरक सिंह रावत भी लंबे समय से बीमार चल रहे हैं। संघ के चुनाव में गिरधारी रावत को अध्यक्ष, अभिषेक त्रिपाठी उपाध्यक्ष, गिरीश गुणवंत महासचिव, मनीष सिंह संयुक्त सचिव, गौरव पांडेय कोषाध्यक्ष, कुमकुम जोशी आडिटर और हिमांशु काफल्टिया सांस्कृतिक सचिव एवं संपादक चुने गए। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी में पांच सदस्य भी बनाए गए। समापन समारोह पर मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव आनंदबर्धन ने पीसीएस अफसरों को आश्वस्त किया कि न्यायिक कार्यों की गैर न्यायिक समीक्षा नहीं कराई जाएगी। उन्होंने अफसरों को अपने शासकीय कार्यों एवं निजी जीवन में संतुलन बनाने के लिए प्रेरित किया। अधिवेशन में अफसरों ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट के कार्य, उत्तराखंड में टूरिज्म की संभावनाएं, गुड गवर्नेंस, शहरी विकास आदि मुद्दों पर विचार रखें।

## हैंडलूम एक्सपो में जमकर खरीदारी

देहरादून। उद्योग विभाग की ओर से आयोजित स्टेट हैंडलूम एक्सपो में लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। काफी संख्या में लोग यहां पहुंच रहे हैं। रेसकोर्स स्थित प्ले ग्राउंड में एक्सपो का आयोजन किया गया है। इसमें पहाड़ी उत्पादों को लेकर लोगों में सर्वाधिक रुझान देखा जा रहा है। इसके अलावा लोगों को शिल्क की साडियां, पंजाब की जूतियां आदि पसंद आ रही हैं। गुजरात, मुंबई, बेंगलुरु की हस्त शिल्प कलाओं को भी लोग पसंद कर रहे हैं। 200 से 500 रुपए कीमत की पंजाबी जूतियों को खरीदने के लिए महिलाओं में उत्साह है। मौके पर निदेशक उद्योग मृत्युंजय सिंह, संयुक्त निदेशक उद्योग एमएस सजवाण, उप निदेशक उद्योग राजेंद्र कुमार, अनुपम द्विवेदी, प्रदीप नेगी आदि मौजूद थे।

## नितीश कुमार के निर्णय की निंदा की

देहरादून। महानगर कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ ने बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार के एनडीए में शामिल होने के निर्णय की निंदा की है। सोमवार को हुई बैठक में व्यापारियों ने कहा कि नितीश कुमार राजनीतिक लाभ के लिए जनता को बेवकूफ बना रहे हैं। वो पूर्व में दिए अपने ही बयानों से पलट गए। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार बांगा ने कहा कि जनता नितीश और भाजपा के खिलवाड़ को जान चुकी है। उन्होंने कहा कि इसपर सुप्रीम कोर्ट को संज्ञान लेना चाहिए। मौके पर राम कपूर, अजीत सिंह, शेखर कपूर, सोनू, मोहित भाटिया, चमन लाल, सुरेश गुप्ता, मनोज कुमार, आमिर खान आदि मौजूद थे।

## पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने को राज्यभर में आंदोलन होगा

देहरादून। त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल दो साल बढ़ाने की मांग को लेकर देहरादून में गढ़वाल क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों की महापंचायत हुई। महापंचायत में पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने को लेकर राज्यस्तर पर आंदोलन का निर्णय लिया गया। साथ ही सीएम धामी के साथ ही पंचायतीराज मंत्री के बाद सरकार के रुख को देखते हुए विधानसभा घेराव की रणनीति बनाई जाएगी। जिला पंचायत देहरादून के सभागार में सोमवार को हुई महापंचायत में गढ़वाल के सात जिलों के पंचायत प्रतिनिधि पहुंचे। पिथौरागढ़ के जिला पंचायत सदस्य और कार्यक्रम संयोजक जगत मर्तोलिया ने बताया कि कुमाऊं मंडल के छह जिलों के पंचायत प्रतिनिधियों की 24 जनवरी को अल्मोड़ा में महापंचायत हुई। इसमें जो दस सूत्रीय मांग पत्र तैयार किया गया, उस पर देहरादून में चर्चा की गई। देहरादून की महापंचायत में पंचायतों का कार्यकाल दो साल बढ़ाने को लेकर सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति बनाई गई। ब्लॉक, तहसील, जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन और विधानसभा घेराव के विकल्पों पर भी चर्चा हुई। जिला पंचायत सदस्य संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप भट्ट ने कहा कि कोविड की वजह से दो साल तक पंचायतों की बैठक तक नहीं हो पाई। ऐसे में इस अवधि को पंचायतों के कार्यकाल से जोड़ना न्यायोचित नहीं है। साथ ही कहा कि सरकार पंचायतों का कार्यकाल दो साल बढ़ाकर एक राज्य एक चुनाव की परिकल्पना को भी सिद्ध कर सकती है।

## मास्टर्स गेम्स फेडरेशन के पूर्व पदाधिकारी पर गंभीर आरोप

देहरादून। मास्टर्स गेम्स फेडरेशन ने अपने एक पूर्व पदाधिकारी पर वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि पदाधिकारी अब फर्जी फेडरेशन बनाकर छठे नेशनल गेम्स कराने की तैयारी में है। उत्तरांचल प्रेस क्लब में सोमवार को हुई प्रेसवार्ता में फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील कुमार डंग ने कहा कि वित्तीय अनियमितताओं के आरोपी पूर्व महासचिव विनोद कुमार को 2022 में फेडरेशन से बाहर किया जा चुका है। उनपर करीब 1.50 करोड़ रुपये हड़पने का आरोप हैं। आरोप लगाया कि इसके बाद भी कुमार ने धोखे से वाराणसी में पांचवें मास्टर्स नेशनल गेम्स कराए। जिन्हें बीच में ही रोक दिया गया था। कुमार ने कोरिया ले जाने के नाम पर खिलाड़ियों से रकम भी हड़पी। एक मामले में मुकदमा भी दर्ज किया गया है। डंग ने बताया कि कुमार ने अक्तूबर में फर्जी तरीके से सूपर मास्टर्स गेम्स एंड स्पोर्ट्स फेडरेशन बनाया है। इसमें फेडरेशन के कई पदाधिकारियों को बिना पूछे शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि फेडरेशन की बिना अनुमति के कुमार फरवरी में छठे नेशनल गेम्स कराने जा रहे हैं। जबकि फेडरेशन की ओर से मार्च में उत्तराखंड में छठे नेशनल गेम्स कराए जाएंगे। मौके पर गुरुकुल सिंह, उस्मान सिंह, राजेंद्र शर्मा, कुलभूषण द्विवेदी आदि मौजूद थे।

## टिहरी बांध विस्थापितों की लड़ाई लडेंगे हरीश रावत

देहरादून। टिहरी बांध विस्थापितों को भूमिधरी का अधिकार देने की मांग को लेकर हरीश रावत एक फरवरी को गांधी पार्क देहरादून में मौन धरने पर बैठेंगे। इसमें बड़ी संख्या में बांध विस्थापित भी शिरकत करेंगे। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि 45 साल बाद आज भी टिहरी विस्थापित अपने हक-हकूकों की लड़ाई लड़ रहे हैं। सरकार मामले का हल निकालने के बजाए उलझाने का काम कर रही है। कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को पत्रकार वार्ता में पूर्व सीएम हरीश रावत ने हरिद्वार के पथरी में निवासरत टिहरी बांध विस्थापितों के मामले को उठाया। कहा कि 45 साल बाद भी विस्थापितों को उनके मकान और खेतों पर भूमिधरी का अधिकार नहीं मिला है। उन्हें बैंक उनकी ही जमीन या मकान पर लोन तक नहीं दे रहे हैं। रावत ने मुख्यमंत्री से भूमिधरी का अधिकार देने को लेकर मंत्रिमंडल की बैठक बुलाने की मांग की। कहा कि 2016 में तत्कालीन सरकार ने मालिकाना हक देने के निर्देश जारी किए थे। सत्ता परिवर्तन के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। गैरसैंण में हुए विधानसभा सत्र में स्थानीय विधायक ने यह मामला उठाया और सदन में आश्वासन भी दिया गया। सीएम ने हरिद्वार के विधायकों के साथ बैठक में इस मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। इस बीच वन विभाग ने सर्वे कर कह दिया कि यूपी के वक्त 912 एकड़ भूमि का आवंटन हुआ और अब 968 एकड़ में भूमि पर टिहरी विस्थापित कब्जेदार हैं। उन्होंने वन विभाग के सर्वे और निष्कर्षों को वापस लेने, विस्थापितों से किए गए वादों के परीक्षण के लिए टीएचडीसी, पुनर्वास निदेशक और मंत्री मंडल की संयुक्त कमेटी गठित हो।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारा देश जाग चुका है : मंत्री गणेश जोशी





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 30 जनवरी : कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून परेड मैदान में राज्य जनजातीय शोध संस्थान की ओर से आयोजित जनजातीय महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। जनजातीय महोत्सव के द्वितीय दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों के राज्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विभिन्न राज्यों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा जनजातीय संस्कृति को बढ़ाने के लिए राज्य जनजातीय शोध संस्थान (TRI) देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनजातियों के संवर्धन के लिए अभूतपूर्व कार्य किये। हमारी सरकार प्रदेश में राज्य की 05 जनजातियों के शुद्धिकरण के लिये कार्य कर रही है। उन्होंने कहा भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज के लिए आस्तत्व, और आत्मनिर्भरता का जो मंत्र दिया था उसका आज संपूर्ण देश में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पालन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा मोदी सरकार का मानना है कि जनजातीय समाज का मजबूत और आत्मनिर्भर बनना देश और प्रदेश की उन्नति के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा यह जनजातीय महोत्सव जहां एक ओर जनजातीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान कर रहा है, वहीं गैर जनजातीय समुदाय को भी जनजातीय समाज की कला एवं संस्कृति की विशेषताओं से अवगत कराने का कार्य भी कर रहा है। मंत्री ने कहा आज तक जनजातीय समाज के राष्ट्र निर्माण में किए गए योगदान की जानकारी से देश को अंधेरे में रखा गया, पर आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारा देश जाग चुका है।

उन्होंने कहा हमने आजादी के नायकों की भूली बिसरी वीर गाथाओं को देश के सामने लाना है, यह हमारा कर्तव्य है और हम आदिवासियों द्वारा किए गए महान बलिदानों को कभी नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा आज चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो या चिकित्सा का क्षेत्र हो आदिवासी समाज के हितों का ध्यान रखकर ही देश और प्रदेश की सरकारें अपनी समस्त योजनाएं बना रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार ‘सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास’ के मंत्र के साथ चल रही है।उन्होंने कहा बीते नौ वर्षों से मोदी की सरकार ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के लोगों के लिए कई ऐसी योजनाओं को लागू किया है, जिनसे समाज के ये वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री ने जहां एक ओर उज्ज्वला गैस कनेक्शन योजना में गरीबों, शोषितों, वंचितों, आदिवासियों और दलितों को प्राथमिकता दी वहीं आयुष्यमान योजना द्वारा इस वर्ग का मुफ्त इलाज सुनिश्चित किया।

उन्होंने कहा आज देश के सभी पिछड़े गांवों में बिजली पहुंच गई है, साथ ही 50 प्रतिशत आदिवासी आबादी वाले क्षेत्र में एकलव्य स्कूल खोले जा रहे है। मंत्री ने कहा डबल इंजन सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि एक ओर जहां कालसी, बाजपुर एंव खटीमा में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा है वहीं ग्राम मैरावना, चकराता व देहरादून में भी नवीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की स्थापना की स्वीकति प्रदान की गयी है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार उत्तराखंड में आदिवासी समाज के विकास के लिए रात-दिन कार्य कर रही है। उन्होंने जनजाति कल्याण विभाग और राज्य जनजातीय शेष संस्थान को से सुन्दर आयोजन के कि बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर दर्जाधारी कैलाश पंत, निदेशक संजय सिंह टोलिया, अपर निदेशक योगेंद्र रावत, टीआरआई समन्वयक राजीव सोलंकी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## मंदिर के सौंदर्यीकरण और रोड निर्माण को 6.50 लाख देने की घोषणा

हल्द्वानी। विधायक राम सिंह कैड़ा ने सोमवार को भीमताल ब्लॉक के पसौली, रोशिल, गुमाल गांव सहित अन्य गावों का दौराकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सडक़, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। इस पर विधायक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को फोनकर ग्रामीणों की समस्याओं पर जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान कैड़ा ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी और उनका लाभ लेने की अपील की। उन्होंने पसौली गांव में देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए 1.50 लाख और सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य निखिल महतोलिया, रमेश जोशी, अनिल कार्की, हरीश कार्की, नारायण राणा, गंगा सिंह, मुन्ना लाल आदि मौजूद रहे।

## एक घंटे में खोज निकाला लापता बच्चा

हल्द्वानी। काठगोदाम थाना क्षेत्र में एक पांच वर्षीय बच्चा घर के बाहर खेलते-खेलते रास्ता भटककर दूर चला गया। सूचना पर पुलिस ने छानबीन शुरू की और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को सकुशल खोजकर परिजनों को सौंप दिया। काठगोदाम निवासी संदीप डेनियल ने पुलिस को बताया कि उनका पांच वर्षीय बेटा नवनीत डेनियल सोमवार को चांदमारी चर्च के पास खेल रहा था। काफी देर से उसका कुछ भी पता नहीं है। इस पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया। फुटेज और आसपास के लोगों से पूछताछ के आधार पर पुलिस आगे बढ़ी और रामलीला ग्राउंड के पास से बच्चे को सकुशल खोजकर परिजनों के हवाले किया। परिजनों ने नैनीताल पुलिस का आभार व्यक्त किया। इस दौरान एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा व उनकी टीम मौजूद रही।

## देशभक्ति की कविताएं पढ़ते हुए कवि को आया हार्ट अटैक, मौत

पंतनगर। देश भक्ति की कविताओं से श्रोताओं की तालियां हॉल में गूंज रहीं थी तो स्टेज पर बैठे बाकि कवि कविताओं का जमकर आनंद उठा रहे थे। कविता पढने के दौरान कुछ ऐसा हुआ कि सबके होश उड़ गए। किसी को भी यकीन नहीं आ रहा था कि वीर रस की कविताएं सुनाते हुए कवि के साथ कुछ ऐसा भी हो सकता है। हुआ यूं कि उत्तराखंड के पंतनगर में एक काव्य समारोह चल रहा था। कविता पढ़ते हुए कवि को अचानक हार्ट अटैक आ गया। दिल का दौरा पडऩे पर कवि स्टेज पर बैठे दूसरे व्यक्ति पर लडख़ड़ाते हुए गिर गया। इस दुखक घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। कवि सम्मेलन में वरिष्ठ समाजेसवी, कवि और बृजवासी कैंटीन के संचालक सुभाष चतुर्वेदी भी काव्य पाठ के लिए पहुंचे थे। उनके साथ मंच पर कई कवि विराजमान थे। कवि के स्टेज पर गिरते ही उन्हें तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रुद्रपुर रैफर कर दिया। स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वीडियो में साफतौर से देखा जा सकता है कि कविता का पाठ करते हुए कवि स्टेज पर गिर गया। जीबीपंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित यह कार्यक्रम भारतीय सेना के जवानों को समर्पित था। काव्य सम्मेलन में कवि को हार्ट अटैक की घटना के बाद सभी स्तब्ध रह गए।

## अल्मोड़ा पुलिस ने 14 लाख कीमत के खोए मोबाइल फोन किए बरामद

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा पुलिस ने करीब 14 लाख कीमत के 57 खोए हुए मोबाइल बरामद किए हैं। एसएसपी देवेन्द्र पींचा ने खोए हुए मोबाइल उनके स्वामियों के सुपुर्द किए। एसएसपी देवेन्द्र पींचा ने जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को मोबाइल खोने सम्बन्धी प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने व साइबर सेल प्रभारी को थानों से प्राप्त मोबाइल गुमशुदगी के मामलों में तत्काल कार्यवाही कर सर्विलांस के माध्यम से बरामद करने के निर्देश दिए गए हैं।

एसएसपी अल्मोड़ा के निर्देश पर जनपद के साइबर सेल टीम द्वारा सर्विलांस के माध्यम से विभिन्न थाना क्षेत्रों से खोए कुल 57 मोबाइल फोन अलग-अलग कंपनियों के बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 14 लाख रुपये है। एसएसपी द्वारा उक्त बरामद मोबाइलों को सोमवार को पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा में उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया।

अपने खोये मोबाइल वापस पाकर सभी मोबाइल स्वामियों के चेहरों में खुशी थी। सभी ने अल्मोड़ा पुलिस के साइबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया। एसएसपी अल्मोड़ा ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल खोने पर तत्काल नजदीकी थाने या साइबर सेल को सूचित करें, जिससे आपके मोबाइल को रिकवर करने हेतु तत्काल कार्यवाही की जा सके। यहाँ अल्मोड़ा साईबर सेल टीम से उपनिरीक्षक सुनील सिंह धानिक, अपर उपनिरीक्षक चन्द्र मोहन पाण्डे, हैड कांस्टेबल मुदित वर्मा, फिरोज खान, बलवंत प्रसाद, इन्द्र कुमार शामिल रहे।

## संक्षप्ति खबरें

### आबकारी विभाग पर राजस्व जमा ना करवाने का आरोप

देहरादून। आबकारी विभाग के अधिकारियों पर सरकार को राजस्व का चूना लगाने और ठेके उठान के मामले में धांधली का आरोप लगाते हुए सुराज सेवा दल ने आबकारी मुख्यालय र प्रदर्शन किया। दल के कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष रमेश जोशी के नेतृत्व में घंटाघर तहसील चौक तक रैली भी निकाली। दोपहर में दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में घंटाघर पर स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी की प्रतिमा के पास जमा हुए। इसके बाद वहां कुछ देर धरना देकर रैली के रूप में वहां से निकले। तहसील चौक पहुंचकर उन्होंने आबकारी मुख्यालय का घेराव कर वहां प्रदर्शन किया। दल के अध्यक्ष रमेश जोशी ने आरोप लगाया कि आबाकरी विभाग चहेते ठेकेदारों से शराब की दुकानों के बदल राजस्व नहीं ले रहे हैं। जिससे सरकार को हर माह करोड़ों का चूना लग रहा है। ये भी आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी आयुक्त के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश की है लेकिन उस पर सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही। साथ ही उन्हें अहम पद दिए गए हैं। उन्होंने ये भी कहा कि राजस्व जमा ना करने वालों और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने आबकारी विभाग के निजीकरण की भी आशंका जताई। साथ ही आबकारी आयुक्त की जांच करवाने की भी मांग की। प्रदर्शन करने वालों में जिला सचिव ललित श्रीवास्तव,देवेंद्र बिष्ट,अजय मौर्य, अतीश मिश्रा, विजेंद्र, कमल धामी, हिमांशु धामी, रिंकू मोनिका, रईस उस्मान, कावेरी, मेहरबान और इंतजार आदि मौजूद रहे।

### ग्राफिक एरा में स्टैड प्रो पर एफडीपी शुरू

देहरादून। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी में आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रचनात्मक परियोजनाओं के विश्लेषण, डिजाइन और दस्तावेजीकरण के गुर सीखे। ग्राफिक एरा में पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन स्टैड प्रो कनेक्ट के सहयोग से संरचनात्मक विश्लेषण और डिजाइन विषय पर किया गया। आईसीटी अकेडमी के वरिष्ठ तकनीकी प्रशिक्षक तफ़ज़्ज़ुल नबी ने बताया कि स्टैड प्रो कनेक्ट सिविल इंजीनियरिंग में उपयोग होने वाला बेहतरीन सॉफ्टवेयर है। यह उपयोगकर्ताओं को स्थैतिक व गतिशील हवा, भूकंप, थर्मल, आदि के संपर्क में आने वाली किसी भी संरचना पर विश्लेषण करने में मदद करता है और सभी संरचनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने में लचीला समाधान देता है। उन्होंने शिक्षक शिक्षिकाओं को स्टैंड प्रो सॉफ्टवेयर के विभिन्न उपयोगों पर व्यावहारिक जानकारी भी दी। कार्यक्रम का आयोजन ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट ने किया। कार्यक्रम में एचओडी डॉ. केके. गुप्ता, डॉ. दीपशिखा शुक्ला और डॉ. केएस रावत भी मौजूद रहे।

### नितीश कुमार के निर्णय की निंदा की

देहरादून। महानगर कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ ने बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार के एनडीए में शामिल होने के निर्णय की निंदा की है। सोमवार को हुई बैठक में व्यापारियों ने कहा कि नितीश कुमार राजनीतिक लाभ के लिए जनता को बेवकूफ बना रहे हैं। वो पूर्व में दिए अपने ही बयानों से पलट गए। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार बांगा ने कहा कि जनता नितीश और भाजपा के खिलवाड़ को जान चुकी की है।